नेशनल स्पीड ब्रीडिंग क्रॉप फैसिलिटी

[स्रोत: पी.आई.बी.]

हाल ही में **केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने** [राष्ट्रीय कृषि-खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान], मोहाली में अपनी तरह की पहली 'नेशनल स्पीड ब्रीडिंग क्रॉप फैसिलिटी', 'डीबीटी स्पीडी सीड्स' का उद्घाटन किया।

- इस सुविधा का उपयोग प्रति वर्ष **एक फसल की चार से अधिक पीढ़ियों को प्राप्त करने के लिये सटीक नियंत्रित वातावरण का उपयोग करके गेहूँ, चावल, सोयाबीन, मटर, टमाटर इत्यादि** जैसी नई किस्मों को विकसित करने के लिये किया जाएगा।
- यह सुविधा कृषि और जैव प्रौद्योगिकी शोधकर्त्ताओं को बेहतर फसल किस्मों, पौधा प्रजनकों तथा किसानों को बेहतर उपज एवं पोषण संबंधी गुणों वाली किस्मों को अपनाने में मदद करेगी।
- यह सुविधा भारत के सभी राज्यों की ज़रूरतों को पूरा करेगी लेकिन यह विशेष रूप से उत्तर भारतीय राज्यों, जैसे-**पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा** और **केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर** के लिये उपयोगी होगी।
- **NABI पहला कृषि-खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान है, जिसकी स्थापना 18 फरवरी 2010 को भारत में हुई थी।**
    - NABI ने '[अटल जय अनुसंधान बायोटेक मिशन], [पोषण अभियान] और **जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा** आदि के लिये [बायोटेक किसान हब] में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

और पढ़ें: [भारतीय कृषि में प्रौद्योगिकी]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-speed-breeding-crop-facility